# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

बुधवार, तिथि 27 जून, 1990 ई०

(भाग–1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान–सभा का कार्य–विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में बुधवार तिथि 27 जून, 1990 ई० को पूर्वाहन 11.00 बजे सभापति, **श्री गुलाम सरवर** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

**चन्द्रशेखर शर्मा,**
सचिव,
बिहार विधान–सभा

पटना
तिथि 27 जुलाई, 1990 ई०

---

## परिशिष्ट

बिहार विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम 89(3) के अंतर्गत सदन की मेज पर रखे गये प्रश्नों के लिखित उत्तर

### तारांकित प्रश्नोत्तर

### आवास उपलब्ध कराना

**115. श्रीमती शांति देवी :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखण्ड स्थिति मंगलवार गाँव के मध्य विद्यालय मंगलवार चैरया के सटे दक्षिण (32) हरिजन परिवारों को अभी तक इन्दिरा आवास योजना के तहत उन्हें आवास तथा अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त हरिजन परिवारों के लिए इन्दिरा आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, और हां तो कब तक ?

**श्री वृषिण पटेल :**

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(2) प्रश्नगत स्थान पर हरिजन परिवारों के लिए ग्राम पंचायत ने इन्दिरा आवास की अनुशंसा नहीं की है इसीलिए यहां इन्दिरा आवास निर्माण का कार्य नहीं किया गया है ।